Need to include and develop Thawe Junction Railway Station under Amrit Bharat Station Scheme- laid

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज) : पूरे भारत में रेलवे ने 1318 स्टेशनों को आधुनिक एवं तकनीकी क्षेत्र में परिवर्तन करने के लिए अमृत भारत स्टेशन स्कीम में शामिल किया है । इसमें मेरे संसदीय क्षेत्र के स्टेशन थावे जंक्शन को भी शामिल किया गया है । इस स्कीम की शुरुआत माननीय प्रधानमंत्री जी ने 6 अगस्त 2023 को किया था लेकिन थावे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत अभी तक मास्टर प्लान नहीं बनाया गया है ताकि थावे जंक्शन का विकास यथाशीघ्र हो । अभी तक इस स्कीम के अंतर्गत कोई भी काम शुरू नहीं किया गया है जिससे कि लंबी दूरी या महानगरों के लिए ट्रेन का आवागमन नहीं हो पा रहा है । रेवेन्यू की भी क्षति रेलवे को हो रही है । मैं माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज के थावे जंक्शन स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत मास्टर प्लान बनाकर काम जल्दी शुरू किया जाए ताकि थावे जंक्शन पर सारी जरूरी सुविधा यात्रियों को मिल सके ।